# न्यायालय आर्बिट्रेटर जिला कलक्टर, शाहपुरा

## पीठासीन अधिकारी राजेन्द्र सिंह शेखावत (आई.ए.एस.)

प्रकरण संख्या 10/2024 फोरलेन

### उनवान

1. पप्पुलाल पुत्र जमनालाल तेली
2. किशोर पुत्र बंशीलाल शर्मा
3. बंशीलाल पुत्र गोकल तेली
4. मंजु पुत्री बंशीलाल तेली
5. लाली पुत्री बंशीलाल तेली
6. राजु पुत्र नन्दलाल तेली
7. ओमप्रकाश पुत्र नन्दलाल तेली
8. दिलखुश पुत्र नन्दलाल तेली
9. चन्दा पुत्री नन्दलाल तेली
10. काली पुत्री नन्दलाल तेली
11. रामघणी पुत्री नन्दलाल तेली
12. लाड देवी पत्नी नन्दलाल तेली

समस्त निवासियान शक्कगढ़ तहसील जहाजपुर, जिला शाहपुरा।

---प्रार्थीगण

बनाम

1. सक्षम प्राधिकारी (भूमि अवाप्ति) एवं उपखण्ड अधिकारी, जहाजपुर जिला शाहपुरा।
2. परियोजना निदेशक (एन.एच.ए. आई.) कार्यान्वयन इकाई सवाईमाधोपुर।

---विपक्षीगण

**प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 3 जी (5) राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 विरूद्ध अवार्ड सक्षम प्राधिकारी (भूमि अवाप्ति) जहाजपुर प्रकरण संख्या 2016/83 प्रतिकर निर्धारण दिनांक 17.02.2016**

उपस्थित :-
1. श्री अमित बिड़ला, अधिवक्ता : प्रार्थी संख्या 1 लगायत 12 की ओर से।
2. श्री गीता शर्मा, अधिवक्ता : विपक्षी संख्या 2 की ओर से।
3. विपक्षी संख्या 01 की ओर से विभागीय पेरोकार।

न्यायालय जिला कलक्टर शाहपुरा (राज.)

## निर्णय

दिनांक :31.5.2024

1. प्रार्थीगण की ओर से प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 3 जी(5) राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 विरूद्ध सक्षम प्राधिकारी (भूमि अवाप्ति) एवं उपखण्ड अधिकारी, जहाजपुर के प्रकरण संख्या 2016/83 प्रतिकर निर्धा0 दिनांक 17.02.2016 प्रस्तुत कर निवेदन किया गया कि प्रार्थीगण के स्वामित्व खातेदारी अधिकार एवं आधिपत्य की आराजी संख्या 938, 937 एव 936 वाके शक्करगढ़ तहसील जहाजपुर में अवस्थित चली आ रही है जिसमें से क्रमशः 0.093, 0.032 एवं 0.019 हैक्टेयर अर्थात् कुल 0.144 हैक्टेयर भूमि राष्ट्रीय राजमार्ग 148 डी गुलाबपुरा उनियारा के निर्माण/चौड़ा करने हेतु अवाप्त की गयी। जिसके संबंध में विपक्षी संख्या 1 द्वारा जो अवार्ड दिनांक 17.02.2016 को पारित किया गया, वह विधि के तहत उचित नहीं है, क्योकि भारत सरकार द्वारा पारित भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता

जिला कलक्टर (आर्बीट्रेटर) शाहपुरा

